# राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार दून के अनिल सती को दिये जाने की घोषणा

**बधाई**

### 13 को 41वें राष्ट्रीय पीआरएसआई सम्मेलन में होंगे सम्मनित

**संवाददाता**

राष्ट्रीय स्तर पर जनसम्पर्क के क्षेत्र में दिये जाने वाला उत्कृष्ट पुरस्कार अनिल सती, सचिव, पीआरएसआई दून चैप्टर को दिये जाने की घोषणा पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजित पाठक ने दिल्ली में की गयी। यह पुरस्कार उन्हे यह पुरस्कार उन्हे आगामी 13 से 15 दिसम्बर, 2019 को हैदराबाद में आयोजित होने वाले 41वे राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया जायेगा। इस सम्मेलन में देश विदेश के लगभग 500 से अधिक जनसम्पर्क तथा मीडिया के क्षेत्र कार्य करने वाले लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। पीआरएसआइ। का 40वां, राष्ट्रीय सम्मेलन उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून में किया गया था।

उक्त सम्मेलन में राज्यपाल, बेबी रानी मौर्य, मुख्यमंत्री. त्रिवेन्द्र सिंह रावत, केन्द्रीय मानव संसाधन, रमेश पोखरियाल निशंक पर्यटन मंत्री उत्तखण्ड सतपाल सिंह महाराज तथा जनसम्पर्क क्षेत्र व मीडिया से सम्बन्ध रखने वाले लगभग 500 लोगों लोगों ने प्रतिभाग किया था। वर्तमान समय में अनिल सती स्वास्थ्य विभाग के टीबी अनुभाग में आईईसी अधिकारी कार्यरत हैं। अनिल सती लगभग 20 वर्षों से जनसम्पर्क के क्षेत्र में कार्यरत है तथा साथ ही वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, आदि के कार्यक्रमों में सक्रिया योगदान भी देते रहे है। इसके अतिरिक्त वे पूर्व में उत्तखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ भी कार्य कर चुके है।

अनिल सती की इस सफलता पर पीआरएसआई दून चैप्टर के समस्त सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

## वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने दी सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**(संवाददाता)** देहरादून। डाकरा स्थित मिनर्वा एकेडमी में 34 वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। भरतनाट्यम नृत्यांगना डा.माया सक्सेना, एकेडमी के निदेशक कुशल भंडारी, सरोज भंडारी, प्रिंसीपल जया बोहरा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। एकेडमी के नन्हें मुन्ने छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शकों को प्रभावित किया। गणेश वंदना से संस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुए। इसके बाद गढ़वाली, नेपाली, राजस्थानी, पंजाबी, मराठी व गुजराती नृत्यों ने समां बांध दिया। हास्य नाटक एक बंदर ने खोली दुकान का मंचन दर्शकों को गुदगुदा गया। स्कूल की ओर से होनहार छात्रों को पुरस्कृत किया गया।



# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

### 2021 में होने वाली जनगणना को लेकर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

**प्रशिक्षण**

**संवाददाता**

नैनीताल। भारत की 16वीं एवं स्वतंत्र भारत की 8वीं जनगणना 2021 हेतु प्रशासन अकादमी में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ। प्रशिक्षण 25 से 30 नम्वबर तक चलेगा। कार्यक्रमों का निदेशक जनगणना उत्तराखण्ड विम्मी सचदेवा रमन ने दीप प्रजवलित कर शुभआरम्भ किया। एटीआई निदेशक ध्आयुक्त श्री राजीव रौतेला द्वारा सभी मास्टर ट्रेनर्स को इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में योगदान हेतु चयन पर शुभकामनाएँ दी तथा उन्हे प्रशिक्षण में पूरे उत्साह से प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना आम आदमी के लाभ के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की योजना बनाने के लिए जमीनी स्तर की सूचनाएं उपलब्ध करता है।



राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए।

निदेशक जनगणना सचदेवा रमन ने कहा कि भारतीय जनगणना प्रक्रिया विश्व की उत्कृष्ट जनगणना प्रक्रियाओं में गिनी जाती है। यह सम्पूर्ण भारत के जनपद, तहसील, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत एवं ग्राम स्तर तक के विश्वसनीय डाटा प्राप्त करने का एकमात्र स्त्रोत्र है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं जनगणना कार्य निदेशालय उत्तराखण्ड तथा डॉ आर. एस.टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के सहयोग से चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि भावी विकासात्मक योजनाओं एवं देश के अन्य महत्वपूर्ण फैसले के निर्धारण में जनगणना से प्राप्त डाटा मार्गदर्शक का कार्य करता है। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में जनगणना कार्यक्रम दो चरणो में किया जायेगा। प्रथम चरण मे आवासो का सूचीकरण कार्य तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अद्यतनीकरण का कार्य 15 अप्रैल से 30 मई तक किया जायेगा । द्वितीय चरण में 9 से 26 फरवरी 2021 के मध्य जनगणना कार्य किया जायेगा तथा 1 से 5 मार्च 20, 21 के मध्यम पुनरीक्षण का कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि 2021 की जनगणना में सूचना प्रौद्योगिकी का समावेश करते हुये मोबाईल ऐप के मध्यम से मकान सूचीकरण एवं जनगणना की जायेगी। मकान सूचीकरण चरण में परिवारों से प्राप्त मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर नागरिक स्वंय द्वितीय चरण अर्थात जनगणना से सन्दर्भित सूचनाएं मोबाईल ऐप के माध्यम से अंकित कर सकेंगे।

जनगणना के लिए जिलाधिकारी को प्रमुख जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उत्तराखण्ड में नगरीय क्षेत्रों हेतु नगर आयुक्तध्अधिशासी अधिकारी पालिका एवं ग्रामीण क्षेत्रों हेतु तसीलदार चार्ज अधिकारी के रूप में अधिसूचित किये जा चुके। श्रीमती सचदेवा ने बताया कि प्रथम चरण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया रहा हैं।

# बहुउद्‌देशीय शिविर में 52 शिकायतें दर्जे, 130 लोगों हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। सरकार जनता के द्वार की परिकल्पना को साकार करने के उददेश्य से आज विकासखण्ड द्वाराहाट के राजकीय इण्टर कालेज जालली में विधायक द्वाराहाट महेश नेगी की अध्यक्षता में बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय जनसमस्याओं को सुना और अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।


बहुउद्‌देशीय शिविर में मंचासीन जिलाधिकारी व अन्य।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विधायक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर में जो भी शिकातयें प्राप्त हुई है उन्हें तय सीमा अवधि में निस्तारण करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता को भी अवश्य अवगत कराया जाय।

इस शिविर में कुल 52 जनसमस्यायें प्राप्त हुई जिसमें पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सड़क, विद्युत, राजस्व, पूर्ति, कृषि, उद्यान, पशुपालन विभागों से थी। इस शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा 130 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया वितरित की। समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से विधवा, वृद्धावस्था पेंशन, सहित अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

राजस्व विभाग की 50 शिकायतें प्राप्त हुई जिनको सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।

## डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार कैंटरिंग संचालक की मौत

**(संवाददाता)** देहरादून। बल्लूपुर फ्लाईओवर पर डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार कैंटरिंग संचालक की मौत हो गई, जबकि बाइक में पीछे बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का दून अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवाया है। एसओ वसंत विहार नत्थीलाल उनियाल ने बताया कि सोमवार की सुबह साढ़े चार बजे रघुवीर शर्मा (25)पुत्र रोलू राम शर्मा निवासी अटाल तहसील त्यूणी हाल निवासी इंदिरा कालोनी चक्खुवाला और रितिक तोमर (24)पुत्र कुंवर सिंह निवासी चकराता कैंटरिंग के कार्य के चलते बाइक से प्रेमनगर झाझरा की ओर जा रहे थे। वहां दोनों को एक पार्टी में भोजन की व्यवस्था करनी थी।

बल्लूपुर फ्लाईओवर पर बाइक सवार अपने आगे चल रहे डंपर की चपेट में आ गए। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे लोगों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे कैंट थाने के पुलिसकर्मियों ने 108 की मदद से घायलों को दून अस्पताल भिजवाया।

## न्यूज डायरी

### मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूकता को चलाए जाएंगे अभियान

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। जिलाधिकारी नितिन सिहं भदौरिया ने बताया शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार 26 नवम्बर को भारतीय संविधान की 70वी. वर्षगाठ के उपलक्ष्य में मौलिक कर्तव्यों के बारें में जागरूकता फैलाने के लिये जनपद के तहसीलों ब्लाकों विद्यालयों आदि में अभियान चलाये जायेगें। यह अभियान 26 नवम्बर से प्रारम्भ होकर डा0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती (14 अप्रैल 2020) ''समरसता दिवस '' तक चलेगा। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारी व विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा वे 26 नम्बर 2019 प्रातः 11:00 बजे संविधान दिवस के दिन अपने–अपने कार्यालयों में संविधान दिवस की शपथ दिलाई जाये। उन्होने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा संविधान दिवस के अवसर पर समस्त विद्यालयों, स्कूलों, कालेजों, तकनीकि शिक्षण संथानों में निबन्ध प्रतियोगिता वाद–विवाद चित्रकला, सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित कराये जाये।

### निर्दलीय चुनाव लड़कर बने रूडकी नगर निगम के मेयर

**(संवाददाता)** हरिद्वार। रूडकी की राजनीति में बड़ा फेर बदल कर निर्दलीय चुनाव लडके के गौरव गोयल ने जहाँ बडे बडे आकाओ को आईना दिखाया है वही लोकतंत्र में जनता जनार्दन है यह भी साबित किया है। चुनाव प्रचार के दौरान विनम्र स्वभाव के धनी जो उनकी जीत का आधार बनाने श्री सिद्ध पीठ लाल माता वैष्णो देवी मंदिर के संचालक भक्त दुर्गा दास से उनके आवास राम नगर जा कर आशीर्वाद लिया था।

### निदेशक मंडल को शपथ दिलाई

**(संवाददाता)** हरिद्वार। जिला गन्ना अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड ज्वालापुर के नवनिर्वाचित सभापति वीरेश प्रताप चौहान एवं निदेशक मंडल को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि रानीपुर विधायक आदेश चौहान रहे एवं अध्यक्षता डॉ श्याम सिंह आर्य ने की। मुख्य अतिथि आदेश चौहान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओ में किसानो का हित सर्वोच्च है। जिसके तहत सहकारी संस्थाओ को लगातार मजबूत करने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं जिसके फलसवरूप किसानो को लाभ भी मिल रहा है। सरकार गन्ना किसानों के हितों के प्रति कटिबद्ध है। विशिस्ट अथिति किसान आयोग के अध्यक्ष राकेश राजपूत ने कहा कि प्रदेश के किसानों की बेहतरी के लिए सरकार दुवारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। चीनी मिलो को गन्ना किसानों के बकाया भुगतान समय से करने के लिये कहा गया है।